कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई-दिल्ली-02
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI -110002
दूरभाष / Phone: 011-23234092, 011-23234093
ई-मेल / E-mail : rajbhasha-hq@esic.nic.in
वेबसाइट / Website : www.esic.gov.in

पत्रांक : ए-49/12/02/2010-रा.भा. दिनांक : 24 जुलाई, 2024

सेवा में

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक/क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/आदर्श अस्पताल।
4. संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/दंत महाविद्यालय/ नर्सिंग महाविद्यालय /स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/निदेशालय (चिकित्सा) नोएडा।

**विषय : 14-15 सितंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में हिंदी दिवस एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के आयोजन के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 03.07.2024 के अर्धशासकीय पत्र सं.11034/04/2024-राजभाषा(नीति) का कृपया संदर्भ लें (प्रति संलग्न) जिसके अनुसार माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में 14 सितंबर, 2024 को हिंदी दिवस तथा 14 एवं 15 सितंबर, 2024 को चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का सम्मिलित आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में होगा।

इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी ने निदेश दिए हैं कि संबंधित कार्यक्रम में निगम की इकाइयों के सभी उप अंचलों से उप निदेशक(राजभाषा) तथा सभी क्षेत्रों के संयुक्त निदेशक(राजभाषा) भाग लेंगे।

इसके अलावा अन्य कार्यालयों में जहाँ सहायक निदेशक(राजभाषा) तथा अन्य अनुवाद अधिकारी दोनों तैनात हैं वहाँ से केवल सहायक निदेशक(राजभाषा) भाग लेंगे लेकिन जहाँ राजभाषा संवर्ग के नियमित अधिकारी/सहायक निदेशक(राजभाषा) नहीं है तो केवल वरिष्ठतम अनुवाद अधिकारी भाग लेंगे। किसी भी कार्यालय से एक से अधिक प्रतिभागी नहीं होगा। जिन इकाइयों में वर्तमान में राजभाषा संवर्ग का पद रिक्त है तो वहाँ से केवल राजभाषा प्रभारी ही इकाई का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मेलन में शामिल होंगे। एक कार्यालय से केवल एक ही प्रतिभागी की सहभागिता होगी।

**कार्यालय प्रभारी/कार्यालय प्रमुख/चिकित्सा अधीक्षक सम्मेलन में कृपया प्रतिभागिता न करें।**

सम्मेलन में प्रतिभागिता हेतु नामित होने के पश्चात् राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर पंजीकरण कराया जाना है एवं इसका लिंक राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर https://164.100.54.224/hds2024 देखा जा सकता है। तदुपरांत नामांकन तथा सम्मेलन में इकाई के

प्रतिनिधित्व संबंधी सूचना मुख्यालय को अनिवार्य रूप से केवल ई-मेल rajbhasha-hq@esic.nic.in पर दी जाए, कृपया ई-मेल के विषय में **'राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित राजभाषा सम्मेलन हेतु नामांकन'** अवश्य संदर्भित करें। नामांकन संबंधी कार्रवाई इकाई अपने स्तर पर ही करेंगी तथा मुख्यालय से इस संबंध में अनावश्यक पत्राचार/संपर्क न किया जाए। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समूह 'क' व 'ख' के कार्मिकों के नामांकन संबंधी शक्तियां केवल इस आयोजन के लिए प्रत्यायोजित की गई हैं। नामांकन/दौरे की अन्य निबंधन एवं शर्तें समान रहेंगी।

इसके अलावा, हिंदी दिवस तथा राजभाषा पखवाड़ा से संबंधित राजभाषा विभाग के अन्य महत्वपूर्ण निर्देश निम्नानुसार हैं:-

1. **हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम 14 से 29 सितंबर, 2024 के दौरान मनाना सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार बनाई जाए कि प्रत्येक कार्यालय के हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली से हो और समापन 29 सितंबर, 2024 को निगम इकाइयों में हो।**
2. **इकाइयों में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं 16 सितंबर, 2024 के बाद आयोजित कराई जाएं।**
3. **इस दौरान ऐसे आयोजन किए जाएं जो कार्मिकों को हिंदी भाषा के प्रति प्रोत्साहित करें तथा कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ऐसा होना चाहिए कि हिंदी में मौलिक कार्य जैसे - टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार आदि को बढ़ाया जा सके।**
4. **हिंदी पखवाड़े का मुख्य समारोह/पुरस्कार वितरण समारोह पखवाड़े के अंतिम दिन अर्थात 29 सितंबर, 2024 को किया जाए।**

यह महानिदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय

24.7.24

(श्याम कुमार)
संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

**प्रतिलिपि :**
वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को पत्र क.रा.बी. निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।

24.7.24.

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)